ब्रीफ खबरें

### नए प्राचार्य आरके सिन्हा ने दिया योगदान

**गढ़वा।** जिले के फरठिया स्थित बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल में नए प्राचार्य आरके सिन्हा ने योगदान दिया. विद्यालय के पूर्व प्राचार्य अजय कुमार चौबे एवं सभी शिक्षकों ने नए प्राचार्य का स्वागत किया. जिसमें प्राचार्य आरके सिन्हा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भाग लिया. पूर्व प्राचार्य चौबे ने नए प्राचार्य सिन्हा को प्राचार्य पद का प्रभार स्थानांतरित किया व उनका विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया. ज्ञात हो कि अजय कुमार चौबे का ट्रांसफर डीएवी विद्यालय चतरा के लिए हुआ है. इसकी जानकारी बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल के मीडिया प्रभारी शम्भु कुमार तिवारी ने दी.

### बीडीसी ने लगवाया साउंड सिस्टम

**कांडी।** प्रखंड के ग्राम पंचायत ख़ुटहेरिया के उतरी क्षेत्र के बीडीसी अभिनंदन शर्मा ने अति प्राचीन गरदाहा मठ में साउंड सिस्टम लगवाया. नवरात्रि के अवसर पर खुटहेरिया पंचायत के बीडीसी अभिनंदन शर्मा ने अपने निजी खर्च से गरदहा मठ पर साउंड सिस्टम लगावाया. बताते चले के कि इसके पहले भी इन्होंने अपने क्षेत्र में ग्राम कुशहा देवी धाम, ख़ुटहेरिया दुर्गा मंडप व गोसांग मंदिर में सभी जगह इन्होंने अपने निजी खर्च से साउंड सिस्टम लगाया है. इनका कहना है कि सभी मंदिरों से प्रतिदिन सुबह शाम भजन बजेगा.

### भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ नवरात्र

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो गया. प्रखंड के रारो, डंडई, जरही में नवरात्र के पहला दिन कलश यात्रा निकाली गयी। जरही में पूजा कमेटी के अध्यक्ष जयराम चौधरी तथा डंडई प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष रामप्यारी सिंह के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गयी. कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ विभिन्न मार्गो से होते हुए पारंपरिक तरीके से निकाला गया. जरही में कलश यात्रा पूजा पंडाल से प्रारंभ होकर विभिन्न गली मोहल्लों में होते हुए जरही सिवान नदी से जल उठाया गया.

### खरसोता देवी मंदिर से निकली जल यात्रा

**मझिआंव।** शारदीय नवरात्र शुरु होते ही मझिआंव नगर पंचायत सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया. पूजा पंडालों एवं घरों में प्रथम दिन गुरुवार को माता शैल पुत्री की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई. इस दौरान अधिकांश पूजा स्थलों से कलश स्थापना के लिए जल यात्रा निकाली गई और नदियों से जल भरकर देवस्थल में स्थापित की गई. इधर प्रखंड के खरसोता गांव में देवी मंदिर से पूजा समिति के अध्यक्ष विजय राम व कोषाध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई.

### अग्रवाल सभा द्वारा शोभायात्रा का आयोजन

**सिमडेगा ।** अग्रसेन जयंती के मौके पर अग्रवाल सभा के द्वारा गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई. समाज के सभी लोग शोभा यात्रा में शामिल होकर महाराज अग्रसेन के जयकारे लगाए. कई जगह में शोभा यात्रा का स्वागत भी किया गया. मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, जैन सभा, मनसाराम परिवार, नव युवक संघ नीचे बाजार सिमडेगा आदि के द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया गया. समिति के डॉक्टर रितेश ने बताया कि अग्रसेन जयंती के मौके पर आनंद भवन में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे एवं संध्या में पारितोषिक वितरण भी होगा.

---

तीन दिवसीय महात्मा गांधी फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन, अनिल कुमार भगत बोले-

## खेल से अनुशासन, सद्भावना व टीम भावना का होता है विकास

संवाददाता ।कुड़ू/लोहरदगा



जिले के कुड़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चटकपुर में तीन दिवसीय महात्मा गांधी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल सह समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत के द्वारा फीता काटकर फाइनल मुकाबला का शुभारंभ किया गया. इधर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रथम फुटबॉल क्लब बेड़ो द्वितीय फुटबॉल क्लब रातू एफसी, तीसरा प्राइज जंगबाज कल्ब टाकू और चतुर्थ पुरस्कार मेजर ध्यानचंद टीको को दिया गया. इस मौके पर सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, संरक्षक असीम टोप्पो, अर्जुन टोप्पो, नोवेल एक्का, दिलीप उरांव, मंगल उरांव व विकास टोप्पो उपस्थित रहे. इधर, समापन समारोह की शुरूआत से पहले राष्ट्रीय गान से शुभारंभ हुआ फाइनल मैच के पश्चात अतिथियों ने विजेता उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी के अतिरिक्त नकद राशि और जर्सी प्रदान कर प्रोत्साहित किया. इस अवसर पर पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई अनिल कुमार भगत ने कहा कि टूर्नामेंट हर्ष के वातावरण में समापन हो रहा है, सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया जो विजयी हुए उन्हें बधाई और जो अपराजिता हुए उन्हें भविष्य में कमियों को तलाशते हुए बेहतर करने की कामना है, वो आने वाले समय में जरूर सफल होंगे साथ ही यथोचित व्यवस्था के लिए आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति रूचि बढ़ती है और उनमें अनुशासन, सद्भावना व टीम भावना का विकास होता है. उन्होंने कहा कि युवाओं की पहल सराहनीय है, इस टूर्नामेंट को लेकर पूरे इलाके में खेल का माहौल बन रहा इस तरह के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखना चाहिए. टूर्नामेंट के सफलतापूर्वक संचालन में अध्यक्ष अनुराज उरांव, सचिव नागेन्द्र उरांव, कोषाध्यक्ष एरीक टोप्पो के अलावा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे.

## क्षेत्र के खिलाड़ियों में हुनर की कोई कमी नहीं : शशिकांत

- खिलाड़ी निरंतर प्रयास करे तो सफलता जरूर मिलेगी : परमेश्वर महली



**भंडरा/लोहरदगा ।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हाटी कुंबाटोली स्थित मैदान पर तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य तरीके से फाइनल सह समापन किया गया. यहां पर बता दें कि टूर्नामेंट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता शशिकांत उरांव उर्फ पिंटू विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत मुखिया परमेश्वर महली, राजमनी उरांव, मंसूर अंसारी, बिट्टू उरांव, शकील अहमद शामिल हुए. इस बीच मुख्य अतिथि शशिकांत उरांव ऊर्फ पिंटू व अन्य अतिथियों के द्वारा परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया. इधर चैम्पियन बनी मंदरो और उप विजेता रही भंडरा कोटा और आठवें स्थान तक की टीम को खस्सी और नकद जर्सी सेट शशिकांत उरांव व अन्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया. इस दौरान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए शशिकांत उरांव ने कहा कि आपका मेहनत ही आपको ऊंचाईयों तक पहुंचाता है, बस आप अनुशासन बनाकर प्रदर्शन करें कामयाबी अवश्य मिलेगी. वहीं मुखिया परमेश्वर महली ने कहा खिलाड़ी निरंतर प्रयास करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगा.

---

दुर्गोत्सव पर भक्तिमय हुआ लोहरदगा शहर के साथ हीं गांव भी

# पूजा के लिए गांव से लेकर शहर तक सज रहे हैं पंडाल

हुसैन अंसारी ।लोहरदगा

**असत्य पर सत्य की जीत : दुर्गापूजा के उपलक्ष्य पर जयघोष से गूंजा शहर**



**पुलिस प्रशासन ने की है विशेष तैयारी**

जिला में दुर्गापूजा आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो इसे लेकर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देशानुसार पूरे जिले के हर पूजा स्थलों और शहर से लेकर गांव देहात तक पुलिस प्रशासन की ओर से चौकन्नी नजर रखी जा रही है. एसपी हारिस बिन जमां के निर्देशानुसार सभी थाना क्षेत्रों में लगातार पुलिस पार्टी भ्रमणशील हैं, जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती बड़ी संख्या में की गई है. साथ ही त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से हर गतिविधियों पर सख्त निगरानी की जा रही है. यहां पर शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई गई पूजा स्थलों और पंडालों के समीप सीसीटीवी कैमरा से हर वस्तु स्थिति की भी निगरानी की जा रही है.

जिले में शारदीय नवरात्रि के साथ शुरू हुआ दुर्गोत्सव का त्योहार दुर्गापूजा. इस बीच दुर्गापूजा को लेकर शहर से लेकर गांव देहात तक आकर्षक तरीके से पूजा पंडालों को सजाया जा रहा है. यहां पर बता दें कि दुर्गा पूजा को लेकर आयोजन समिति द्वारा त्योहार को भव्य तरीके से मनाए जाने हेतु अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली है. जानकारों के अनुसार दुर्गोत्सव का त्योहार दुर्गापूजा शारदीय नवरात्र से शुरू होने वाली असत्य पर सत्य की जीत को सुनिश्चित करता है.

ज्ञातव्य हो कि नवरात्र में शक्ति के विभिन्न स्वरूपों की उपासना, साधना और आराधना की जाती है. यहां पर बता दें कि नजदीक बैठने को उपासना, अनुशासन को साधना और विनती करने को आराधना कहा जाता है, इन तीन क्रियाओं के माध्यम से आदिशक्ति जगदंबा से शक्ति का वरदान प्राप्त होता है. जानकारों की मानें तो यह त्योहार भौतिक विज्ञान के अनुसार शक्ति के अनेक रूप हैं. दुर्गापूजा ताप, प्रकाश, गति, बिजली, गुरूत्वाकर्षण, आणविक और माइक्रो वेभ इत्यादि जो आपस में एक दूसरे के स्वरूप में परिवर्तनीय होते हैं. ठीक उसी प्रकार आध्यात्म विज्ञान में भी शक्ति की अनेक स्वरूप होते हैं, जिन्हें विशेष नवरात्रि तपश्चार्या के अनुष्ठान से प्राप्त किया जा सकता है. वैसे दैनिक अनुष्ठान और सतत् अभ्यास से अतिरिक्त शक्ति संपन्न स्वयं को बनाया जा सकता है, परंतु नवरात्रि में विशेष सकारात्मक वातावरण होते हैं.

जानकार बताते हैं कि इस महापर्व पर प्राप्त शक्ति का सदुपयोग या दुरूपयोग, सृजन अथवा विध्वंस यह मनुष्य के हाथ में है. इसीलिए सदुपयोग एवं सृजन के लिए श्रद्धा, भक्ति, प्रार्थना इत्यादि की भावनाएं नवरात्रि अनुष्ठान के साधक के लिए आवश्यक अंग निर्धारित किए गए हैं. असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व को ऋषियों-मुनियों ने गहन अन्वेषण के बाद नवरात्रि अनुष्ठान का विधान निर्धारित किया है. नवरात्रि के इस काल का लाभ शक्ति संपन्न होने के लिए निश्चित ही उठाना चाहिए और सुख समृद्धि का भागी बनना चाहिए. उल्लेखनीय है कि लोहरदगा जिला में गुरूवार से शुरू हुई उत्सव का त्योहार दुर्गापूजा को लेकर जिलेवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. इस बार दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने हेतु सभी आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण पूरी तरह से कमर कस ली है.



भक्तिमय हुआ पूरा क्षेत्र

### कैरो में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र प्रारंभ

संवाददाता ।कैरो/लोहरदगा

जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को दुर्गा पूजा समिति कैरो, नगजुआ,हनहट के तत्वावधान में कलश स्थापना को लेकर कैरो प्रखण्ड मुख्यालय से कलश यात्रा निकाली गई. इस बीच कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों छोटी-छोटी बच्चियों और महिलाओं साथ-साथ समिति के दर्जनों पदाधिकारी, सदस्यगण एवं गणमान्य लोगों ने गगनभेदी जय माता दी के जयकारा करते पारंपरिक रूप से दुर्गा बाड़ी परिसर से नंदनी नदी पहुंचकर कौशलकांत त्रिपाठी ने मंत्रोच्चारण कर कलश भरवाया, ततपश्चात पुनः जयकारा लगाते हुए पूजा स्थल दुर्गाबाड़ी पहुंची. तत्पश्चात मुख्य पुजारी कौशलकांत त्रिपाठी के देख-रेख में कलश स्थापना मंत्रोत्चारण के साथ कराया गया. यहां पर कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्रा शुरू हो गया. इसके साथ ही नवाह्न पाठ की शुरूआत हुई और मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना कर आरती किया गया. प्रखंड क्षेत के मुख्यालय ग्राम सहित हनहट एवं नरौली पंचायत में विधिवत पुलिस प्रशासन के देख रेख में शांतिपूर्ण वातावरण में कलश स्थापना का कार्य संपन्न हुआ.

शारदीय नवरात्र प्रतिपदा को निकाली गयी शोभायात्रा



## जय श्रीराम व जय माता दी के जयकारे से शहर गुंजायमान

संवाददाता ।लोहरदगा

केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के द्वारा देवी मंडप पावरगंज चौक से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई. इस बीच यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा, बुजुर्ग सम्मिलित हुए. जय श्री राम, जय माता दी, जय मां के जयघोष और जयकारों से पुरा शहर गूंज उठा. ग्रामीण क्षेत्रों से आए नगाड़ा वादक और महिलाओं की टोलियों के नृत्य ने सरना सनातन के अनूठे संगम को दिखाया. माता के सभी भक्तगण ध्वजा हाथों में ले कर चल रहे थे. सभी श्रद्धालुओं का सोमवार बाजार, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार में पुष्पवर्षा कर अभिवादन और स्वागत किया गया.

ठाकुरबाड़ी मन्दिर में अगले नौ दिनों तक कलश स्थापना के साथ नवाह्न पारायण पाठ का आयोजन किया जाएगा. केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने सभी से शांति और सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा मानने को कहा साथ ही साथ इस वर्ष भी प्रत्येक वर्ष की तरह मेला एवं आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र बनी रहेगी. महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने शुभकामनाएं देते हुआ कहा कि आने वाले दस दिन हम सभी को मिलजुलकर प्रेम से यह पावन पर्व मनाना है और इसे यादगार बनाना है दर्शन एवं मेला स्थल जाने के समय अपने बच्चों के पैकेट में पुरा पता मोबाइल नंबर के साथ रखें ताकि किसी कारण वश यदि बच्चा अपने परिजनों से अलग हो जाए तो बच्चों को केंद्रीय एवं पूजा समितियों के द्वारा उनके घरों तक पहुंचाया जा सके. पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहा, पूरी मुस्तैदी के साथ सभी अपने काम में लगे रहे. शोभा यात्रा में ओम प्रकाश सिंह, राजेंद्र खत्री, मोहन दुबे, रमेश उरांव, परमेश्वर साहू, जय प्रकाश शर्मा, अजय मित्तल, मनोज कुमार गुप्ता, अजय पंकज, सुनील अग्रवाल,आनंद पांडे, मनीर उरांव, अशोक घोष, दिनेश पांडे, सरोज प्रजापति, रोहित साहू, डब्लू राय, किनेश्वर महतो, दीपक सर्राफ, महेंद्र महतो, उदय दत्ता,रमेश साहू,विक्की कसेरा, दिनेश पांडे, सुषमा सिंह, रीता पांडे,संगीता कुमारी,सामेला भगत, मीना बखला,सुमित घोष, रोहित ओझा,देवेंद्र मंडल, उमेश सिंह, विपुल तमेडा, अजय, दुर्गा प्रजापति, ब्रजेश सिंह आदि शामिल थे.

---

### कोई जाति बिकाऊ नहीं, भ्रम में हैं सत्येंद्रनाथ

**गढ़वा ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने कहा है कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ब्राह्मण जाति के लोगों को बिकाऊ बता रहे हैं. बल्कि उन्हें पता होना चाहिए कि गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मण ही नहीं बल्कि किसी भी जाति के लोग बिकाऊ नहीं बल्कि टिकाऊ है. पूर्व विधायक को इस भ्रम से बाहर आना चाहिए कि ब्राह्मण जाति के लोग उनका गुलाम हैं और वे दूसरे नेता को समर्थन नहीं देंगे. तिवारी का यह बयान बहुत ही निंदनीय है. केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे एवं अन्य नेताओं ने गुरूवार को होटल पद्मावती में प्रेस वार्ता आयोजित कर उक्त बातें कही. पूर्व विधायक तिवारी के बयान की कड़ी निंदा करते हुए झामुमो नेताओं ने कहा कि जब 2009 में जनता ने उन्हें मौका दिया तब से लेकर अपने 10 साल के कार्यकाल में पूर्व विधायक ने अपने चंद ठेकेदार को छोड़कर किसी भी गरीब ब्राह्मण को कोई सहयोग नहीं किया है. मौके पर परेश तिवारी, अजय उपाध्याय, नारद तिवारी, नीरज तिवारी आदि मौजूद थे.

अपर सचिव कमल किशोर सोन ने की समीक्षा बैठक, कहा

## सभी स्कूलों में बिजली की समुचित व्यवस्था कीजिए

संवाददाता ।लोहरदगा



सचिव श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार सह केंद्रीय प्रभारी कमल किशोर सोन लोहरदगा जिला की अध्यक्षता में जिला परिषद के सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की गई. इस बीच बैठक से सोन ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से उनका परिचय प्राप्त किया. साथ ही उन्होंने पूर्व के बैठकों में लिए गए निर्णयों का एक-एक समीक्षा की. समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्कूलों में बिजली की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए. साथ ही प्रत्येक विद्यालय में पेयजल की उपलब्धता हर हाल में हो. इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं पेयजल के कार्यपालक अभियंता को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया. उन्होंने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अन्य गरीब छात्रों को उच्च प्रतियोगी शिक्षा के लिए विशेष क्लास कराने का निर्देश दिया. साथ ही उन्हें प्रेरित कर उत्साहित करने की भी बात कही. उन्होंने सभी स्कूलों तक पहुंच पथ बनाने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया. सिविल सर्जन को उन्होंने स्किल सेल एनीमिया के मरीजों को चिन्हित कर उन्हें समुचित चिकित्सा सहायता एवं लाभ देने का निर्देश दिया. समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जिकरण एवं अर्ध निर्मित भवनों को जल्द से जल्द पूर्ण करें.

### विधायक कल्पना सोरेन और मंत्री बेबी देवी छह को सिमडेगा आगमन

**सिमडेगा।** सिमडेगा में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन और मंत्री बेबी देवी जी का आगमन 6 (रविवार) को सिमडेगा हो रहा है इसे लेकर तैयारी शुरू कर दिया गया है. सिमडेगा में मंईयां सम्मान यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन होना है. इसे लेकर परिसदन भवन सिमडेगा में झामुमो जिला समिति सिमडेगा की एक विशेष बैठक जिला अध्यक्ष अनिल कांडूलन की अध्यक्षता में किया गया. इस बैठक का मुख्य विषय मंईयां सम्मान यात्रा के तहत गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू के सिमडेगा की पावन धरती पर आगमन को लेकर विचार-विमर्श किया गया. जिला अध्यक्ष ने कहा कि कल्पना सोरेन का सिमडेगा आगमन हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है. इस बैठक में झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना, सफीक खान, अनिल तिर्की, नोवास केरकेट्टा, फिरोज अली, शाहिद, बिरजो कांडुलना संजय तिर्की, संजू डांग, राजेश टोप्पो, इरशाद आलम आदि शामिल थे.

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

## जागरूकता अभियान के साथ प्रतियोगिताएं भी हुई

संवाददाता ।कुड़ू/लोहरदगा



अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टीको की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विविध प्रतियोगिताएं और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन बीते 23 सितंबर से एक अक्टूबर तक कराया गया. यहां पर प्रथम दिन स्वच्छता अभियान पोखरा टोली गांव में प्रशिक्षुओं द्वारा चलाया गया. जिसमें गांव के अखरा और आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई किया गया. अभियान के तीसरे दिन निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शुसाना लकड़ा, द्वितीय अंकिता टोप्पो और तृतीय बिराजनी किड़ों रही. वहीं अभियान के चौथे दिन चित्रकला प्रतियोगिता में क्रमश प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कविता कुजूर, नीलिमा कुजूर एवं अंजू बाला का दबदबा रहा. साथ ही पांचवें दिन कविता लेखन प्रतियोगिता में पल्लवी कुमारी पहला एवं दूसरे नंबर पर जसलीन पन्ना और रेशमा कुमारी तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया. इसी तरह कार्यक्रम के छठे दिन भाषण प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका मिंज द्वितीय कुंदन कुमार साहू व तृतीय स्थान पर श्वेता लकड़ा रहे. इधर कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सातवें दिन स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित किया गया. जिसमें पहले स्थान पर प्रियंका लकड़ा दूसरे नंबर पर पारूल तिर्की एवं तीसरे स्थान पर निशा कुजूर का जलवा रहा.

### लोहरदगा अंजुमन हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर छह को

**लोहरदगा ।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी एवं सचिव सैयद शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त प्रेस बयान जारी किया है. उन्होंने कहा है कि लोहरदगा शहरी क्षेत्र स्थित अंजुमन अस्पताल में आगामी 6 अक्टूबर दिन रविवार को एक निःशुल्क मेडिकल कैंप सुबह 10:00 बजे से दिन के 2:00 बजे तक आयोजन किया गया है. जिसमें रांची के जेनरल फिजिशियन डॉक्टर इरफ़ान आलम आएंगे. पिछले 29 अक्टूबर को करीब 200 मरीजों की जांच और इलाज किया गया था. साथ ही निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया था. उन्होंने अनुरोध किया है कि इस अवसर का पूरा-पूरा लाभ उठाएं. इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए अंजुमन इस्लामिया अस्पताल प्रबंधन समिति लोहरदगा से मोबाइल नंबर 8809795269 में संपर्क कर सकते हैं. इसके साथ ही फारूक कुरैशी, अब्दुल कय्यूम खान और सलीम अंसारी से भी संपर्क किया जा सकता है.

---

उद्घाटन

कई प्रखंडों में जिला योजना अनाबद्ध निधि से 20 करोड़ की 118 योजनाएं स्वीकृत

# गढ़वा में बह रही है विकास की गंगा : मंत्री मिथिलेश

संवाददाता।गढ़वा



जिले के विभिन्न प्रखंडों में जिला योजना अनाबद्ध निधि से लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से 118 योजनाओं का कार्य किया जाएगा. जिला योजना कार्यकारिणी समिति की आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पीसीसी, आंगनबाड़ी आदि की 118 योजनाओं की प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान कर दी गई है. सभी योजनाओं का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ कर दिया जाएगा.

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिला योजना अनाबद्ध निधि से जिले के विभिन्न प्रखंड में 118 योजनाओं का चयन कर लिया गया है. शीघ्र ही सभी योजनाओं का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा. इसके तहत जिले के गढ़वा, मेराल, डंडा, रंका, चिनियां, रमकंडा, बरडीहा, खरौंधी, भवनाथपुर, केतार, कांडी आदि प्रखंड में पीसीसी पथ निर्माण, कलवर्ट, पुलिया, गार्डवाल, स्कूल में शौचालय, सिंचाई नाला, आंगनबाड़ी केंद्र का सुदृढ़ीकरण व मॉडलाइजेशन, खेल मैदान में चापाकल, अन्नराज जलाशय में क्रेज अधिष्ठापन, सदर अस्पताल में ड्रेनेज कार्य, खेल मैदान में चेंजिंग रूम, गोल पोस्ट, ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना का सुदृढ़ीकरण, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए ट्रांसफार्मर, चिनिया प्रखंड में अनुसूचित जनजाति आवासीय कल्याण विद्यालय में सुधारीकरण संबंधी कार्य, रमकंडा प्रखंड में अनुसूचित जाति बालिका कल्याण आवासीय विद्यालय में सुदृढ़ीकरण कार्य, अनुसूचित जाति बालक कल्याण आवासीय विद्यालय में सुदृढ़ीकरण कार्य आदिसहित कई अन्य छोटी-छोटी योजनाएं शामिल हैं.

उन्होंने बताया कि स्वीकृति की गई सभी योजनाएं अति महत्वपूर्ण हैं. लंबे समय से इन योजनाओं की मांग की जा रही थी. प्राथमिकता के आधार पर ही सभी योजनाओं का चयन किया गया है. मंत्री श्री ठाकुर ने कहा के पूरे गढ़वा जिला में विकास की गंगा बह रही है. प्रत्येक गांव, प्रत्येक टोला में चप्पे चप्पे पर योजनाएं संचालित की जा रहे हैं. पूरे गढ़वा में सड़कों का जाल बिछ गया है. उन्होंने कहा कि काफी कम समय में पूरे गढ़वा की तस्वीर बदल गई है. मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के लिए जिन मदों में पैसा आज उपलब्ध है, उन मदों में पहले भी पैसा उपलब्ध होते थे. परंतु गढ़वा में कहीं भी कोई पूर्व का किया हुआ विकास कार्य नहीं दिखता है. उन्होंने कहा कि कार्य करने के लिए दृढ़ ही इच्छा शक्ति एवं कार्यों की जानकारी होना जरूरी है. सिर्फ मस्खरी करने से एवं जनता को झूठ, सच बोलकर बेवकूफ बनाने से विकास कार्य नहीं होता है. आज सभी क्षेत्रों में लगातार काफी तेजी से विकास कार्य हो रहा है. मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा और भी बेहतर बनेगा.

झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह आयोजित

## भाजपा नेता सहित हजारों लोग हुए शामिल

संवाददाता ।गढ़वा

**जनता ही झामुमो की असली ताकत है : मंत्री**

**गढ़वा ।** झामुमो प्रखंड कमेटी रंका के तत्वाधान में तमगे कला पंचायत के पिंडरा मध्य विद्यालय परिसर में झामुमो मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस मिलन समारोह में तमगे कला पंचायत के विभिन्न गांवों के एक हजार से अधिक लोगों ने दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया.

रमकंडा प्रखंड के अंतर्गत उदयपुर पंचायत के पुनदागा दुर्गा पूजा मैदान में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया. इससे पूर्व मंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इस दौरान पारंपरिक आदिवासी गीत, नृत्य, बड़ा माला एवं पत्तों का पारंपरिक माला व टोपी पहनाकर मंत्री का भव्य स्वागत किया गया. समारोह में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं सहित पूरे रमकंडा प्रखंड के सभी पंचायतों से लगभग पांच हजार लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए. मंत्री ने माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया. मौके पर मंत्री ने क्षेत्र के कई प्रबुद्ध जनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.


मौके पर मंत्री ने कहा कि ठग कर वोट लेना एवं जनता को अपने हाल पर छोड़ देना ही पूर्व के जनप्रतिनिधियों का काम था. किसी ने 10 साल, किसी ने 17 साल तक गढ़वा की जनता का शोषण किया. जात, धर्म के नाम पर वोट लेते रहे और अपना काम बनाते रहे. मंत्री ने कहा कि पिछले तीन सालों में रमकंडा में जितना काम हुआ है उतना आजादी के बाद से साढ़े चार वर्ष पूर्व तक नहीं हुआ था.

वोटर भी हैं खुश, क्योंकि चुनाव के समय ही मिलता है नेताजी के आवभगत का मौका, ग्रामीणों के बीच डॉ. आरसी प्रसाद, डॉ. अमरदीप यादव, हर्ष अजमेरा की हो रही चर्चा

# विधानसभा चुनाव : ग्रामीण क्षेत्रों में नेताजी की गाड़ियां उड़ाने लगी धूल

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

भाजपा की परिवर्तन रैली के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हजारीबाग आगमन के साथ ही जिला विधानसभा चुनाव के रंगता नजर आ रहा है. टिकट की दौड़ में शामिल नेताओं की गाड़ियां सरपट दौड़ने लगी हैं. नेताजी सुबह 7:00 बजे से ही क्षेत्र में जाना शुरू कर देते हैं. गाड़ी की धूल देखकर ग्रामीण भी खुश हो जाते हैं. उन्हें इस बात से कोई मतलब नहीं रहता है कि किस पार्टी की गाड़ी उनके गांव में धूल उड़ा रही है, बस नेताजी की गाड़ी होनी चाहिए. लोग सुबह काम धंधा छोड़कर 6:00 बजे से ही नहा धोकर सड़क पर माला लेकर महिला, पुरुष नवयुवक और बच्चे खड़े रहते हैं. नेताजी का खूब स्वागत करते हैं. उन्हें पहले माला पहनकर गली, मोहल्ले, चौक-चौराहों पर जिंदाबाद का नारा लगाते हुए घुमाते हैं. नेताजी भीड़ देखकर खुश हो जाते हैं और फिर वे अपनी जेब ढीली करते हैं. नेताजी की गाड़ी वापस होते ही फिर ग्रामीण पक्ष और विपक्ष की बात करने लगते हैं, जिसमें कोई कांग्रेस की बात करता है तो कोई भाजपा की. कांग्रेस से सबसे ज्यादा डॉ. आरसी प्रसाद की ग्रामीण क्षेत्रों में तारीफ होती है. वहीं भाजपा से डॉ. अमरदीप यादव, हर्ष अजमेर की चर्चा होती है. वहीं भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता की भी चर्चा होती रहती है. सदर प्रखंड के चंदवार, रेवार, गुरहेत सीतागढ़, कटकमसांडी,



बांझा, डांड, लुकिंग सुलसी के सैकड़ों ग्रामीणों ने शुभम संदेश को बताया कि पांच साल में एक बार हम ग्रामीणों को नेताजी का स्वागत करने का मौका मिलता है. चुनाव के बाद जीतने वाले राजधानी में रहते हैं और हारने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में आना पसंद नहीं करते हैं. ऐसे में अब चुनाव आया है तो हम लोग नेताजी के स्वागत में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं.

**जनता के लिए 10 बार लाठी खा चुके हैं प्रदीप :** सदर प्रखंड के किसान प्रदीप कुमार ने बताया कि अमरदीप यादव भाजपा का एक ऐसा उम्मीदवार हैं, जो जनता एवं विद्यार्थियों के लिए 10 बार पुलिस का डंडा खा चुके हैं. वे जनहित में तीन बार जेल भी जा चुके हैं. वे कई आंदोलन में खड़ा रहे हैं. उन्होंने 1998 में राजनीति में कदम रखा. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कॉलेज मंत्री भी रहे. ऐसे व्यक्ति को अगर पार्टी टिकट देती है तो ग्रामीण क्षेत्रों में इनका भरपूर समर्थन मिलेगा. यह जात-पात की लड़ाई नहीं, बल्कि जमात की लड़ाई लड़ते हैं. उन्होंने यह भी बताया कि अक्सर देखा गया है कि जब ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी शहर पढ़ने के लिए जाते थे, कुछ सीनियर विद्यार्थी और कुछ बदमाश लोग नए विद्यार्थी समझ कर परेशान करते थे. उस वक्त भी अमरदीप यादव नए विद्यार्थियों की मदद करते थे और उसे गाइड भी करते थे.

**राजेंद्र लाल ग्रामीणों को करते रहते हैं सहयोग :** कटकम दाग थाना क्षेत्र के राजेंद्र लाल महतो ने बताया कि हर्ष अजमेर राजनीति में नया है, लेकिन वर्षों से समाज सेवा कर रहे हैं. जनता के लिए हमेशा खड़ा रहते हैं. वह कभी किसी काम को इनकार नहीं करते हैं. जितना होता है वह खड़े होकर करते हैं. यहां तक कि वह विद्यार्थी, महिला, खिलाड़ी, संगीतकार को प्रोत्साहन देते रहते हैं. बुजुर्ग, महिला पुरुष, मंदिर मस्जिद या फिर शादी विवाह में भी सहयोग करने का प्रयास करते हैं. लेकिन उनके पास कुर्सी का पावर नहीं है, जिसकी वजह से वह केवल शारीरिक और धन से सहयोग करते हैं. ऐसे उम्मीदवार को अगर पार्टी टिकट देती है तो उनकी जीत आसानी से हो सकती है. ये जीतने के बाद दिल्ली, महाराष्ट्र नहीं बल्कि क्षेत्र रहने वाले में से हैं.

### जात-पात करने वाले को नहीं मिलेगा वोट

सदर प्रखंड के मृत्युंजय कुमार ने बताया कि 2024 के चुनाव में जात-पात और धर्म की लड़ाई लड़ने वाला ढोंगी नेता को वोट नहीं मिलेगा, चाहे वह जिस पार्टी से हो. वोट उसी उम्मीदवार को देंगे जो क्षेत्र में आम जनता के लिए खड़ा रहता है. कांग्रेस नेता डॉ. आरसी प्रसाद मेहता को तो अगर पार्टी टिकट देती है, तो उन्हें भरपूर समर्थन मिलेगा. मेहता एक ऐसे उम्मीदवार हैं जो लगातार 4 साल से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं और वह ग्रामीण क्षेत्रों में हमेशा खड़ा रहते हैं. उन्होंने 4 साल में हजारों मोतियाबिंद का ऑपरेशन मुफ्त में किया है. वह पहला व्यक्ति हैं, जो हजारीबाग में टोल टैक्स से स्थानीय लोगों को माफ करवाया है. वह कृषि कानूनों के खिलाफ में भी ट्रैक्टर रैली निकाल चुके हैं. सुख-दुख में हमेशा साथ रहते हैं.

### हिंदुत्व के नाम पर नहीं, काम देखकर मिलेगा वोट

नरेश कुमार पांडे ने बताया कि अब चुनाव आया है तो एक नेताजी झूठी अफवाह फैला रहे हैं. वह चुनाव लड़ना चाहते हैं और ऊंची कुर्सी पर बैठना चाहते हैं. शहर के एक नेताजी ऐसे हैं जिन्होंने कभी क्षेत्र का भ्रमण नहीं किया और जब चुनाव आया है तो वह भोले-भाले लोगों को तरह-तरह का प्रलोभन दे रहे हैं और झूठी अफवाह फैला रहे हैं. वह कभी विकास की बात नहीं करते, बल्कि हिंदुत्व की बात करते हैं. वह सदर विधानसभा क्षेत्र से हिंदुत्व के नाम पर भाजपा का टिकट चाह रहे हैं, लेकिन इस बार हिंदू के नाम पर नहीं, काम देखकर वोट दिया जाएगा.

---

### ब्रीफ खबरें

#### नाबालिग की हत्या के दोषी को उम्र कैद

**कोडरमा।** नाबालिग की हत्या के एक एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने गुरुवार को आरोपी सुरेश नाथ गोस्वामी (58 ) को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई. साथ ही 10 हजार जुर्माना लगाया. वहीं न्यायालय ने 201 आईपीसी में दोषी पाते हुए 3 वर्ष की सजा सुनाई है. सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी. मामला वर्ष 14 अक्टूबर 2023 का है. इसको लेकर मरकच्चो थाने में मृतक के दादा इंद्रदेव नाथ गोस्वामी ने मामला दर्ज कराया था. बाद में बच्चे का शव हत्या कर तालाब में फेंका हुआ पाया गया था. सुनवाई के दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया. न्यायालय ने दो अन्य को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया.

#### चतरा: कार्यशाला का किया गया आयोजन

**चतरा।** झारखंड जैव विविधता पर्षद के द्वारा जैव विरासत स्थल घोषित करने को लेकर गुरुवार कार्यशाला का आयोजन हुआ. झारखंड जैव विविधता पर्षद के सदस्य सचिव सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार (अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक) ने पलाश भवन सभागार में आयोजित कार्यशाला में 100 जैव विविधता विरासत स्थल को दिसंबर माह तक चिन्हित करने का लक्ष्य रखा है. उक्त लक्ष्य के आलोक में अभी तक झारखंड के चतरा, रांची, हजारीबाग, लातेहार, देवघर, गिरीडीह व अन्य जिलों से 40 से भी अधिक जैव विविधता विरासत स्थल को चिन्हित किया जा चुका है.

#### बिरयानी की दुकानों की जांच की मांग

**रामगढ़।** शहर में प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार सरफराज आलम और सिमरन परवीन को लेकर विश्व हिंदू परिषद की रामगढ़ इकाई ने गंभीर आरोप लगाए हैं. जारी बयान में कहा गया है कि सरफराज की गतिविधि से हिंदू समाज के लोगों का धर्म भ्रष्ट होने की आशंका है. संगठन के जिला मंत्री छोटू वर्मा ने गुरुवार को एक प्रेस बयान जारी कर यह कहा है कि गिरफ्तार सरफराज आलम नई सराय में बिरयानी दुकान चलाता था. ऐसी सूचना है कि वह प्रतिबंधित मांस का उपयोग बिरयानी बनाने में करता था. उसकी बिरयानी दुकान से गैर मुस्लिम समुदाय के लोग भी ऑर्डर मांगते थे. सरफराज बिरयानी की होम डिलीवरी भी करता था. अगर सरफराज और सिमरन को हिंदू संगठन के सदस्यों के द्वारा नहीं पकड़ा जाता, तो उनके पास जो 80 किलो प्रतिबंधित मांस था.

---

मां भद्रकाली, मां कुलेश्वरी व लेंबोइया पहाड़ी मंदिर बने आस्था का केंद्र

## कलश स्थापना और मां शैलपुत्री की पूजा के साथ नवरात्र आरंभ

- भूतल से 1575 फीट की ऊंचाई पर घनघोर पहाड़ियों के बीच अवस्थित है मां कुलेश्वरी का प्राकृतिक सरोवर

अभिमन्यु सिंह। चतरा

शक्ति स्वरूपा माता दुर्गा की आराधना का सबसे बडा महापर्व शारदीय नवरात्र का आगाज होते ही गुरुवार से शक्ति स्थलों में पूजा अर्चना, कलश स्थापना के साथ आरंभ हो गया. नवरात्र व दुर्गा पूजा को लेकर शक्ति स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है. पूजा को लेकर भव्य तैयारियां की गई हैं. कई वर्षों बाद इस बार शारदीय नवरात्र व दुर्गा पूजा पर कई शुभ संयोग बन रहे हैं. इस बीच माता रानी का पूजन अर्चन का विशेष लाभ भक्तों को मिलने वाला है.

जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर, पत्थलगड़ा के लेंबोइया पहाड़ी स्थित मां दक्षिणेश्वरी देवी चामुंडा मंदिर, इटखोरी के मां भद्रकाली मंदिर, हंटरगंज के मां कुलेश्वरी मंदिर, जोरी के मां काली मंदिर, सिमरिया के मां भवानी और चाडरम मंदिर, गिद्धौर के बलबल स्थित मां बागेश्वरी मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है. मंदिर प्रबंधन की ओर से शारदीय नवरात्र की कई तैयारियां की गई है, जहां श्रद्धालु कलश स्थापित कर माता रानी की आराधना में लीन हो. इटखोरी के मां भद्रकाली तथा हंटरगंज के मां कुलेश्वरी मंदिर में झारखंड और बिहार से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता की आराधना में लीन हो गए हैं. नवरात्र के धार्मिक ग्रंथ दुर्गा सप्तशती में मां कुलेश्वरी का व्याख्यान किया गया है. इस ग्रंथ में मां कुलेश्वरी संतान दायिनी के रूप में वर्णित हैं. मान्यता है कि नवरात्र के दौरान मां कुलेश्वरी प्राकृतिक सरोवर में प्रवेश करती हैं. इसी मान्यता के तहत नवरात्र के दौरान श्रद्धालु मां कुलेश्वरी के प्राकृतिक सरोवर में डुबकी लगाकर माता की आराधना का शुभारंभ करते हैं. पूरे नवरात्र के दौरान मां कुलेश्वरी के प्राकृतिक सरोवर में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रहती है. यहां पूरे 9 दिनों तक माता के सभी नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना श्रद्धालुओं के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ करते हैं.



इस बार शारदीय नवरात्र व दुर्गा पूजा पर कई शुभ संयोग बन रहे हैं.

**दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट :** इसी प्रकार लेंबोइया पहाड़ी पर भी अखंड ज्योत जलाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी है. शक्ति स्वरूपा माता के अराधना का यह सिलसिला बुधवार की शाम से ही आरंभ हो गया है. अगले 9 दिनों तक जिले के सभी देवी मंदिरों में माता की पूजा अर्चना और दुर्गा सप्तशती के पाठ से संपूर्ण इलाका भक्तिमय बना रहेगा. शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा को लेकर शहर तथा कस्बों में पंडालो का निर्माण कराया जा रहा है. विशेष साफ सफाई के तहत मंदिरों को तथा पंडालों को कलाकारों के द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है. देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए हैं. शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट है. पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर पूजा समितियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं. जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दंडाधिकारियों की नियुक्ति की बात कही गई है. इसके साथ ही पंडालों में क्लोज सर्किट कैमरा लगाने तथा महिला पुरुष श्रद्धालु के लिए अलग-अलग बैरिकेड किए जाने का का निर्देश दिया गया है. पूजा में खलल डालने वालों पर भी प्रशासन की पैनी निगाह रहने की बात शांति समिति की बैठकों में कही गई है. जिले के सभी थानों में शांति समिति का बैठक आयोजित कर पूजा समिति व अन्य जनमानस को शांति एवं सद्भावना के साथ दुर्गा पूजा का पवित्र त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील प्रशासन के द्वारा की गई है.

---

## शारदीय नवरात्र को लेकर पूजा समितियों ने निकाली कलश यात्रा

संवाददाता। पत्थलगड़ा

प्रखंड में गुरुवार को शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। शारदीय नवरात्र को लेकर यहां विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा कलश यात्रा निकली गई. कलश यात्रा में सैकड़ों महिला व कन्याओं के साथ-साथ कई युवकों ने भी पवित्र कलशपात्र लिया. कलशयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने कलश देकर यात्रा का शुभारंभ किया. कलश यात्रा अपने अपने पूजा पंडाल व मंदिरों से निकली जो कई गांवों का भ्रमण कर विभिन्न जलाशयों तक पहुंची. वहां आचार्यों द्वारा पूरे विधि विधान पूर्वक गंगा पूजन कर कलश में जल भरवाया.



शारदीय नवरात्र को लेकर कलश यात्रा निकालते पूजा समिति के लोग.

तत्पश्चात सभी कलश लेकर पूजा स्थल तक पहुंचे. ज्ञात हो कि यहां प्रखंड मुख्यालय सुभाष चौक पत्थलगडा, नावाडीह व नोनगांव में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है. इसके अलावे कुब्बा मंडप व लेंबोइया मंदिर में कलश स्थापित कर नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा विधि विधान से होती है. उक्त सभी जगहों पर कलश स्थापन के साथ ही मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा आराधना की गई. क्षेत्र में दुर्गोत्सव को लेकर धूमधाम व काफी उत्साह है. प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंडप में समिति द्वारा भव्य पंडाल बनाया गया है. पंडाल व आस पास के क्षेत्रों को रंग बिरंगे व दूधिया लाइट से सजाया गया है. त्योहार को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गया है.

---

## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विधायक सुनीता चौधरी ने की मां दुर्गा की आराधना

संवाददाता। रामगढ़

शारदीय नवरात्र गुरुवार से प्रारंभ हो गया. गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी अपनी धर्मपत्नी रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के साथ रांची स्थित आवास में कलश स्थापना कर विशेष पूजा-पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान करने में जुटे रहे. उन्होंने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की आराधना की और मां भगवती से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित संपूर्ण झारखंड वासियों के सुख-समृद्धि एवं



मां दुर्गा की पूजा करते सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विधायक सुनीता चौधरी.

उन्नति की कामना की. मौके पर ईशान चौधरी, पीयूष चौधरी, सोनल प्रिया, विनय कुमार, नीरज मंडल, अनिता सिन्हा आदि मौजूद थे.

---

ईसीआरकेयू में कई संगठन के लोग हुए शामिल

## 'सभी मिलकर रेलकर्मियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे'



सम्मेलन के दौरान ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के लोग.

संवाददाता। रामगढ़

ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की मंडल स्तरीय महासंगम सह युवा कार्यकर्ता सम्मेलन धनबाद रेलवे ऑडिटोरियम में बुधवार को संपन्न हुआ. मंच का संचालन ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह पी एन एम प्रभारी मो ज़्याऊद्दीन ने किया तथा सहयोग सहायक महामंत्री ओमप्रकाश तथा एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने किया. इस मौके पर ईसीआरएमयू, आरकेटीए, एआईआरटीयू तथा ओबीसी एसोसिएशन आदि के कई प्रमुख केंद्रीय पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य अपने पूर्व के संगठन को छोड़ कर ईसीआरकेयू से जुड़े. ईसीआरकेयू के केंद्रीय नेतृत्व और विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों ने इन नये युवाओं को पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया. बरकाकाना शाखा से सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, संदीप शर्मा, मुकेश लाल, रणधीर प्रसाद, विकास कुमार, सरयू प्रसाद शामिल हुए. मौके पर एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, ईसीआरएमयू के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार, राकेश कुमार, मो वसीम, धीरेंद्र कुमार,अजय कुमार, अमित कुमार, जवाहर लाल, शंभु कुमार, संजय कुमार, राहुल आदि उपस्थित थे.

---

जिला शिक्षा पदाधिकारी और अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी ने किया विदा

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए तीरंदाजी वॉलीबॉल और ताइक्वांडो की टीम रवाना

संवाददाता। हजारीबाग

खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय स्कूली (एसजीएफआई) खेल प्रतियोगिता में तीरंदाजी, वॉलीबॉल और ताइक्वांडो का आयोजन खेल गांव रांची में 4 से 5 अक्टूबर के बीच किया जाएगा. इसमें जिले से तीनों खेलो के 86 खिलाड़ी भाग लेंगे जिन्हें गुरुवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी परवीन रंजन, अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी कौशल कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह और शारीरिक शिक्षा शिक्षको में मधुसूदन कुमार सिंह, सुनील यादव, पवन कुमार, अश्विनी श्रीवास्तव, अनूप मेहता, सरोज मालाकार ने जीत की शुभकामना देकर विदा किया. दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी 24 जिलों से तीरंदाजी, वॉलीबॉल, ताइक्वांडो के हजारों खिलाड़ी भाग लेंगे. खेल गांव के हरिवंश ताना भगत स्टेडियम में वॉलीबॉल, गणपत राय इंडोर स्टेडियम में



रवाना होने के मौके पर खिलाड़ी और पदाधिकारी.

### खास बातें

- खेल गांव रांची में 4 और 5 अक्टूबर को होगा आयोजन
- खिलाड़ियों को प्रतियोगता में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

ताइक्वांडो और टिकैत उमराव शूटिंग रेंज 3 में तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. हजारीबाग से जिला खेल टीम का नेतृत्व प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षा शिक्षक रौशन कुमार प्रसाद, सुनील महतो, उपेंद्र अग्रवाल, हरिकांत पांडेय, मनीष कुमार, सागर कुमार, सुरेंद्र कुमार करेंगे. राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्कूली खेल एसजीएफआई प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा. उक्त प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और संबंधित खेल एसोएिएशन में काफी उत्साह देखा जा रहा है. खिलाड़ियों और एसोएिएशन को प्रतियोगता में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है.


---

उत्पाद विभाग ने चलाया छापामारी अभियान

## अवैध शराब जब्त, तीन होटल के मालिक गिरफ्तार किए गए

संवाददाता। रामगढ़

दशहरा पर्व और ड्राई डे के मद्देनजर रामगढ़ जिले में गुरुवार को उत्पाद विभाग के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया. विभिन्न लाइन होटल और प्रतिष्ठानों से अवैध शराब जब्त की गई. साथ ही तीन होटल के मालिकों को गिरफ्तार किया गया है. सहायक उत्पाद आयुक्त सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि 2 अक्टूबर और 3 अक्टूबर को ड्राई डे घोषित किया गया था. उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षकों के सहयोग से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन व व्यापक छापामारी अभियान चलाया गया. छापामारी अभियान के दौरान गोला थाना अंतर्गत शोभा लाइन होटल, पुराना सिरका एवं रजरप्पा थाना अंतर्गत मुरुबन्दा एवं रामगढ़ थाना अंतर्गत होटल टी एंड ट्रीट, महादेव होटल, लवली होटल, थालसा होटल, सम्राट होटल, राधा लाइन होटल में छापामारी की. सभी जगहों से 48 बोतल बीयर, 10 पीस केन बीयर एवं 50 बोतल विभिन्न ब्रांडों के विदेशी शराब सहित कुल 36 लीटर अवैध बीयर एवं 12 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई. अभियान में शोभा होटल से जीतू महथा, लवली होटल से लवली साव एवं थालसा होटल से कमल किशोर तिग्गा को गिरफ्तार किया गया. मुरुबन्दा के रविन्द्र कुमार, पुराना सिरका के योगेंद्र महतो, सम्राट होटल के संचालक भीम कुमार कुशवाहा एवं थालसा होटल के संचालक विजय कुमार कच्छप के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है.



---

**समस्या** ग्राहक पंचायत की बैठक में उठा मुद्दा, एसडीओ और जेई दे रहे डेट पर डेट

## ईचाक का दरिया गांव दो माह से अंधेरे में, जीएम को ज्ञापन

संवाददाता। ईचाक (हजारीबाग)

ग्राहकों के लिए काम करने वाली अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ईचाक इकाई ने पिछले दो माह से ईचाक के दरिया में जले ट्रांसफार्मर और संबंधित प्रखंड के एसडीओ और जेई द्वारा की जा रही आनाकानी को लेकर बिजली जीएम को ज्ञापन सौंपा है. प्रखंड संयोजक सौरभ कुमार तथा सदस्य अशोक मेहता के साथ बिजली जीएम को ज्ञापन देने ग्राहक पंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता गए थे. इस बाबत जानकारी देते हुए प्रखंड संयोजक ने बताया कि ईचाक का हदारी क्षेत्र कृषि बहुल गांव है. यहां बिजली से खेती भी की जाती है. कम पावर का ट्रांसफार्मर होने के कारण



अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ईचाक इकाई की बैठक में उपस्थित लोग.

बार-बार जल जाता है. विभाग से लगातार जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग की जा रही है. बताया जा रहा है कि गांव की क्षमता के अनुसार ट्रांसफार्मर लगाया जाए, परंतु विभाग की ओर से पिछले दो माह से डेट पर डेट दिया जा रहा है. ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा सका है. पूरा गांव दो माह से अंधेरे में है. दुर्गा पूजा शुरू हो गई है. ऐसे में ट्रांसफार्मर नहीं होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. अशोक मेहता ने बताया कि पूजा से पहले ट्रांसफार्मर बदलने की मांग जीएम से की गई है. अगर इस दिशा में कदम नहीं उठाया तो ग्राहक पंचायत अपने स्तर से मुद्दा को उठाएगी और आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा. इस बाबत एक बैठक हदारी में गांव में हुई. बैठक में मुखिया प्रतिनिधि कुशलचंद मेहता, ग्राहक पंचायत के प्रखंड संयोजक सौरभ कुमार, सदस्य अशोक मेहता, बंशी प्रसाद मेहता, विनोद कुमार, राजेंद्र प्रसाद मेहता, जगदीश प्रसाद मेहता, वरुण कुमार, छत्रधारी मेहता, राजेंद्र मेहता, बसंत राम, सफीक अंसारी, दामोदर महतो, विनोद कुमार मेहता, युवराज मेहता, संतोष मेहता, अशोक मेहता आदि उपस्थित थे.

---

स्वतंत्रता सेनानी सत्यानंद सिंह की परपौत्री कांफ्रेंस में हिस्सा लेंगी

## चौपारण की बेटी मृणालिनी पहुंचीं लंदन स्ट्रीट

संवाददाता। चौपारण

स्वतंत्रता सेनानी सत्यानंद सिंह की परपौत्री एवं सियाराम सिंह की पौत्री मृणालिनी राज रिसर्च स्कॉलर के रूप में चयनित होकर ब्रिटेन के कई शहरों में आयोजित विभिन्न कॉन्फ्रेंसों में हिस्सा लेने लंदन पहुंच चुकी है. वर्तमान में वह जेआरएफ रिसर्च स्कॉलर में चयनित होकर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) रुड़की से अंग्रेजी साहित्य में रिसर्च स्कॉलर के रूप में पीएचडी कर रही है. वहीं से उसका चयन चार्ल्स वालेस इंडिया ट्रस्ट लंदन (यूनाइटेड किंगडम) द्वारा रिसर्च ग्रांटी के रूप में 1 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2024 तक ब्रिटेन के विभिन्न शहरों लंदन, नॉरविच, ब्रिंघटन में आयोजित विभिन्न कॉन्फ्रेंसों में भाग लेने एवं रिसर्च करने के लिए चुना गया है. उसी के तहत वह लंदन पहुंचकर निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल हो रही है.



मृणालिनी

**गांव में ही बीता बचपन :** मृणालिनी का बचपन सेलहारा से होते हुए हजारीबाग पहुंचा. वह इंटरमीडिएट डीएवी हजारीबाग से, स्नातक संत जेवियर कॉलेज रांची से, एमए बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से करने के बाद आईआईटी रुड़की में रिसर्च स्कॉलर के रूप में पीएचडी कर रही है. मृणालिनी के पिता जन्मेजय सिंह मध्य विद्यालय सेलहारा में सरकारी शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं. मां अंजनी सिंह स्नातक उत्तीर्ण गृहणी एवं भाई मयंक राज दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, नयी दिल्ली से एमबीए (एचआरडी) की पढ़ाई कर रहा है. मृणालिनी की ऊंची उड़ान पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है. शिक्षक जनार्दन वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मृणालिनी की सफलता से ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियां भी प्रोत्साहित होंगी.

